卐 श्री सद्‌गुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिंधोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

•वर्ष 26 •अंक 150 •पृष्ठ 8 •रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) •रविवार •8 मार्च 2026 •मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# मातृशक्ति का संघर्ष ही उत्तराखंड की पहचान: धामी

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ मातृशक्ति को किया किया सम्मानित





देहरादून (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज मुख्य सेवक सदन में वरिष्ठ मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से आई वरिष्ठ महिलाओं, विशेषकर दादियों और नानियों को उनके जीवनभर के संघर्ष और समाज निर्माण में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस वर्ष का महिला दिवस विशेष रूप से बुजुर्ग महिलाओं के सम्मान और उनके अनुभवों को समर्पित रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की बुजुर्ग महिलाओं, दादियों और नानियों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अपने विस्तृत संबोधन में न केवल मातृशक्ति के ऐतिहासिक संघर्षों को याद किया, बल्कि भविष्य में उनके सशक्तिकरण के लिए सरकार के संकल्प को भी दोहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हमारी उन माताओं, बहनों और विशेषकर हमारी वरिष्ठ मातृशक्ति के त्याग और तपस्या को नमन करने का दिन है, जिन्होंने अपने खून-पसीने से इस देवभूमि की संस्कृति और परिवारों को सींचा है। हमारी दादियां और नानियां केवल घर की सदस्य नहीं, बल्कि अनुभवों की चलती-फिरती पाठशाला हैं। उनके आशीर्वाद की छाया में ही आज की युवा पीढ़ी संस्कारित हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण यहाँ की मातृशक्ति के कड़े संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। पहाड़ की महिलाओं ने विषम परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी। आज जब हम एक सशक्त उत्तराखंड की बात करते हैं, तो उसके केंद्र में हमारी यही मातृशक्ति खड़ी है। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि हम अपनी माताओं और बहनों के चेहरे पर मुस्कान ला सकें, क्योंकि जब एक महिला सशक्त होती है, तो पूरा परिवार और समाज सशक्त होता है। अपनी सरकार की उपलब्धियों (शेष पृष्ठ सात पर)

# बेकाबू जीप ने मासूम को रौंदा,मौके पर ही दर्दनाक मौत

## वाहन चालक मौके से फरार,गुस्साए ग्रामीणों का हाईवे पर घंटों हंगामा



देहरादून (उद संवाददाता)। दिल्ली-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे ने सात वर्षीय मासूम की जान ले ली। खुशहालपुर में गुरुद्वारे के पास घटित इस घटना में एक बिना नंबर प्लेट की काले रंग की तेज रफ्तार जीप ने सड़क पार कर रही तसमीया (7 वर्ष) को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर करीब एक घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित रखा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खुशहालपुर निवासी रफाकत अपने घर के पास ही अंडे की ठेली लगाते हैं। उनकी सात वर्षीय बेटी तसमीया घर के पास ही खेल रही थी कि अचानक सड़क पार करते समय देहरादून की ओर से आ रही तेज रफ्तार जीप ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद चालक जस्सोवाला के रास्ते भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही सहसपुर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक विकास रावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन ग्रामीणों ने चालक की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और बच्ची के शव को कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर आरोपी जीप (शेष पृष्ठ सात पर)

# विधानसभा का बजट सत्र कल से,सुरक्षा चाक-चौबंद

भराड़ीसैंण(उद संवाददाता)। सोमवार से शुरू हो रहे उत्तराखंड विधानसभा के महत्वपूर्ण बजट सत्र को लेकर पुलिस और प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप देते हुए अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) ने ड्यूटी पर तैनात होने वाले समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। विधानसभा परिसर और उसके आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा का कड़ा पहरा बिठाया गया है ताकि सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।विधानसभा के मुख्य द्वारों और अन्य प्रवेश मार्गों पर तैनात पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परिसर में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति और वाहन की सघन चेकिंग की जाए। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत केवल अधिकृत व्यक्तियों और वैध पासधारकों को ही अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त सत्र के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ ही चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा मानकों में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ब्रीफिंग के दौरान अपर (शेष पृष्ठ सात पर)

# झपटमारों का आतंक,दो परिवारों से लूटपाट

लालकुआं (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग 109 पर लालकुआं से हल्द्वानी के बीच का सफर अब आमजन के लिए असुरक्षित होता जा रहा है। बीते शाम बाइक सवार शातिर झपटमारों ने दो अलग-अलग घटनाओं में दो परिवारों को अपना निशाना बनाया और हजारों की नगदी व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। बदमाशों के दुस्साहस का आलम यह था कि उन्होंने इन वारदातों को मुख्य मार्ग पर सरेशाम अंजाम दिया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दिए जाने के बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज न होने से पीड़ितों में भारी निराशा है। पहली घटना बबूर गुम्टी के समीप आईओसी डिपो से कुछ आगे घटित हुई। लालकुआं निवासी मोबाइल शॉप स्वामी सलीम खान अपनी पत्नी और चार वर्षीय बच्ची के साथ बाइक से खरीदारी करने हल्द्वानी जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार युवकों ने झपट्टा मारकर उनकी पत्नी के कंधे से बैग छीन लिया। झपट्टा इतना जोरदार था कि चलती बाइक से महिला और बच्ची गिरते-गिरते बचीं। जब तक सलीम को माजरा समझ आता और वह पीछा करते, लुटेरे आंखों से ओझल हो गए। दूसरी वारदात अष्टादश भुजा महालक्ष्मी मंदिर के ठीक सामने हुई, जहाँ हल्द्वानी से बेरीपड़ाव की ओर अपनी मां के साथ बाइक पर आ रहे एक युवक को निशाना बनाया गया। यहाँ भी बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला के कंधे से पर्स खींच लिया और रफू चक्कर हो गए। हैरानी की बात यह है कि दोनों ही मामलों के पीड़ित कल शाम से आज दोपहर तक लालकुआं कोतवाली और हल्दूचौड़ चौकी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट का कहना है कि उन्हें घटनाओं की जानकारी मिली है और पुलिस सीसीटीवी(शेष पृष्ठ सात पर)

# जानलेवा हमले के मामले में अस्पताल संचालक गिरफ्तार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा रोड स्थित रुद्रा अस्पताल के पास बीते दिनों हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी डॉ. सचिन मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल संचालक पर जानलेवा हमले सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस इस मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। घटनाक्रम के अनुसार, बीती 28 फरवरी की रात किच्छा रोड स्थित रुद्रा अस्पताल और उसके बगल में स्थित एक सर्विस सेंटर के कर्मचारियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष शुरू हो गया। इस मारपीट में सुभाष कॉलोनी निवासी दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हमले में उनके सिर पर गहरी चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने रुद्रा अस्पताल के संचालक डॉ. सचिन मंडल पुत्र सतीश कुमार मंडल व उनके अन्य साथियों के खिलाफ धारा 307 समेत कई अन्य संगीन धाराओं में (शेष पृष्ठ सात पर)

# सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 18 जोड़े





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु उद्योग व्यापार मंडल द्वारा फुटबॉल मैदान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नौवां सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 18 वर वधू वैवाहिक बंधन में बंधे। सभी को अनेक संत महापुरुषों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े कई गणमान्य अतिथियों ने सुखमय वैवाहिक जीवन का आर्शीवाद दिया। वर वधू को आयोजकों द्वारा जन सहयोग से प्राप्त अनेकों घरेलू उपयोग के उपहार भी भेंट किए गए। इससे पूर्व गल्ला मंडी में सभी वरों को परिजनों द्वारा सेहरा बांधने की रस्म अदा की गई। जिसके बाद बैंड बाजे के साथ धूमधाम से बारात प्रारंभ हुई। जो भगत सिंह चौक, मुख्य बाजार, डीडी चौक, किच्छा बाईपास रोड, झील मोड़, ट्रांजिट कैंप मार्ग होते हुए आयोजन स्थल फुटबॉल मैदान पहुंची। जहां सभी वरों का रीति रिवाज के अनुसार उनके ससुराल पक्ष एवं गणमान्य अतिथियों के साथ आयोजकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात वरमाला पहनाने की रस्म अदा की गई। जिसके बाद अनुज अग्रवाल की अगुवाई में गायत्री परिवार द्वारा मंत्रोचारण के साथ सभी वर वधुओं का विवाह संपन्न कराया गया। जिन संत महापुरुषों एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े गणमान्य अतिथियों ने वर वधू को सुखमय दाम्पत्य (शेष पृष्ठ सात पर)

### इन जोड़ों का हुआ विवाह

लघु उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिन जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ उनमें आशीष कुमार का विवाह किरन से, अरूण कुमार का पूजा से, जितेन्द्र सिंह का क्रांति से, प्रदीप का मंसा से, अमन कुमार का प्रिम्मी देवल से, रवि कुमार का पार्वती से, अजय का राधा से, विशाल कुमार का संगीता से, नीरज का रीना से, विशाल का काजल से, सोनू कुमार का डॉली से, किशन पाल का प्रतिभा से, रोहित कुमार (शेष पृष्ठ सात पर)

# गृहमंत्री अमित शाह ने नूतन न्याय संहिता और विकास प्रदर्शनी का किया उद्घाटन





हरिद्वार (उद संवाददाता)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को बैरागी कैम्प में उत्तराखंड सरकार द्वारा नूतन न्याय संहिता विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी भारत सरकार द्वारा लागू किए गए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और जन जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी का मुख्य लक्ष्य आम नागरिकों, अधिवक्ताओं, पुलिस अधिकारियों और अभियोजन अधिकारियों सहित सभी हितधारकों को आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली से पूरी तरह अवगत कराना है। इस प्रदर्शनी में न्याय संहिताओं की प्रमुख विशेषताओं को अत्यंत सरल, दृश्य और इंटरैक्टिव माध्यमों से प्रस्तुत किया गया है। इसमें समयबद्ध जांच एवं चार्जशीट की अनिवार्यता, जीरो एफआईआर एवं ई एफआईआर की व्यवस्था, सात वर्ष से अधिक दंडनीय अपराधों में अनिवार्य फॉरेंसिक जांच, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल साक्ष्यों की वैधता तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए बनाए गए सशक्त प्रावधानों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। विदित है कि भारतीय न्याय संहिता जैसे नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखंड पूरे देश में पहले स्थान पर रहा है और यह प्रदर्शनी 9 मार्च तक जारी रहेगी।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ही हरिद्वार के बैरागी कैम्प में उत्तराखंड सरकार की विकासपरक उपलब्धियों पर आधारित एक अन्य भव्य विकास प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने विभिन्न स्टॉल पर जाकर विकास प्रदर्शनी का गहन अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा बीते चार वर्षों में किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों पर आधारित है। इसमें बुनियादी ढांचे का विकास, सड़क एवं संपर्क मार्गों का सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन विकास, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा सीमांत क्षेत्रों के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तार से दर्शाया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिए गए कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णयों को भी इस प्रदर्शनी में विशेष स्थान दिया गया है जो उत्तराखंड की बदलती विकास गाथा को बयां कर रहे हैं।

# 162 शरणार्थियों को भारत की नागरिकता के प्रमाणपत्र प्रदान किए

## गृहमंत्री ने नव नियुक्त आरक्षियों को सौंपे नियुक्ति पत्र और ई-जीरो एफआईआर प्रणाली का किया शुभारंभ

हरिद्वार (उद संवाददाता)। गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड पुलिस में नव नियुक्त आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जिसमें अमन सिंह, आकाश, अभय चौहान, अर्जुन नाथ गोस्वामी और योगेश नाथ ने मंच से अपने नियुक्ति पत्र प्राप्त किए। आयोजन के दौरान एक ऐतिहासिक क्षण तब आया जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए 162 शरणार्थियों को भारत की नागरिकता के प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इनमें पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित सिद्धपीठ हिंगलाज माता मंदिर के पुजारी परिवार से जुड़े शैलेश, भट्टाग्राम पाकिस्तान से आए जसपाल कुमार, कराची पाकिस्तान में महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न से तंग आकर भारत आने वाली दुर्गानाथ टी राजपूत और अफगानिस्तान से आई हंसेरी बाई को मंच पर नागरिकता के प्रमाणपत्र सौंपे गए।इस अवसर पर गृहमंत्री ने उत्तराखंड में ई-जीरो एफआईआर प्रणाली का भी विधिवत शुभारंभ किया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के अंतर्गत शुरू की जा रही यह प्रणाली विशेष रूप से एक लाख से अधिक की वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की गई है। अब 1930 हेल्पलाइन या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें देहरादून स्थित राज्य साइबर पुलिस स्टेशन में ई-जीरो एफआईआर के रूप में पंजीकृत होंगी और तत्पश्चात सीसीटीएनएस के माध्यम से संबंधित थाने को तत्काल प्रेषित कर दी जाएंगी। इससे पुलिस को गोल्डन ऑवर में तुरंत कार्रवाई करने, साक्ष्य संकलन प्रारम्भ करने तथा संदिग्ध लेन-देन को फ्रीज करने में बड़ी सहायता मिलेगी जिससे ठगे गए धन की अधिक से अधिक रिकवरी की संभावना बढ़ जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भाषणों के संकलन पर आधारित गिरजा शंकर जोशी की पुस्तक विकल्प रहित संकल्प का भी विमोचन किया गया। इस मौके पर राज्य सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसलों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रदेश के विकास की झलक दिखाई गई।







# आईसीएआर की पशुपालन में यंत्रीकरण परियोजना पर कार्यशाला प्रारम्भ

पंतनगर। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में आईसीएआर की अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अन्तर्गत 'पशुपालन में यंत्रीकरण' पर 7 से 8 मार्च 2026 में दो-दिवसीय 25वीं वार्षिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों एवं आईसीएआर से जुड़े वैज्ञानिक और विशेषज्ञ प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. एस.एन. झा, उप महानिदेशक, कृषि अभियांत्रिकी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफसर मनमोहन सिंह चौहान ने की। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (फार्म इंजीनियरिंग) डा. के. पी. सिंह, सहायक महानिदेशक (पषु स्वास्थ्य) डा. दीवाकर हिमाद्री, निदेशक, केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल, डा. सी. आर. मेहता एवं परियोजना समन्वयक, आईसीएआर-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल डा. एस. पी. सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डा. एस. एन. झा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में पशुपालन किसानों की आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है और इस क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और यंत्रीकरण का उपयोग करके उत्पादकता को और अधिक बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने पशु के रखरखाव में पर्यावरण प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उचित प्रबंधन से पशु की उत्पादकता में काफी वृद्धि हो जाती है और उदाहरण के तौर पर उन्होंने बताया कि दुग्ध देने वाले पशुओं को जहां रखा जाता है वहां पर यदि तापमान को 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कम कर दिया जाए तो दुग्ध का उत्पादन 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। इसी प्रकार से आवारा पशुओं के कल्याण के बारे में सोचने की आवश्यकता है, जहाँ पर भारी वजन की ढुलाई होती है वहां पर रोबोटिक पशुओं की विकास की आवश्यकता है। साथ ही उनके द्वारा नवीन विकसित तकनीकों के डिजाइन पंजीकरण के स्थान पर पेटेंट फाइल करने का सुझाव दिया गया और वैज्ञानिकों से अच्छी गुणवत्ता के अधिक संख्या में शोध पत्र प्रकाशित करने का भी सुझाव दिया गया। उनके द्वारा परियोजना समन्वयक को प्रतिवर्ष विभिन्न केन्द्रों पर कार्यरत वैज्ञानिकों का प्रतिवर्ष ओरेंटेशन तथा यंत्रीकरण परियोजना के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक पुस्तक प्रकाशित करने का सुझाव दिया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कृषि अनुसंधान और तकनीकी विकास के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में यंत्रीकरण किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है, जिससे न केवल उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि श्रम दक्षता भी बढ़ेगी। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयोगी एवं व्यावहारिक तकनीकों का विकास करें। उन्होंने यह भी कहा कि छोटी जोत वाले किसानों के लिए भी उपयोगी एवं कम लागत वाले यंत्रों का विकास होना चाहिए साथ ही बद्रीनाथ और केदारनाथ में खच्चरों का भारी संख्या में उपयोग किया जा रहा है उन पर रखे भार को कम करने के लिए यंत्रीकरण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए यंत्रीकरण की आवश्यकता होगी और पशुपालन में भी यंत्रीकरण का प्रयास सराहनीय है। उनके द्वारा पशुओं के उपयोग में नैतिक मूल्यों पर भी प्रकाश डाला गया तथा यंत्रीकरण से दुधारू पशुओं को कम तकलीफ के साथ कम समय में अधिक मात्रा में दुग्ध प्राप्त करने के उपर भी प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा पशुपालन के विभिन्न क्षेत्रों में यंत्रीकरण करने पर बल दिया गया। इसी क्रम में डा. के.पी. सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में यंत्रीकरण से उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा विकसित तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के लिए विस्तार तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विषयों में एकीकृत शोध अधिक प्रभावित हो सकता है। कार्यक्रम में डा. सी.आर. मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि पशुपालन क्षेत्र में यंत्रीकरण की आवश्यकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रम की कमी और बढ़ती लागत को देखते हुए आधुनिक यंत्रों और तकनीकों का उपयोग अनिवार्य हो गया है। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे ऐसी तकनीकों का विकास करें जो किसानों के लिए किफायती, उपयोग में सरल और स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल हों। साथ ही देश के सभी 9 केन्द्रों द्वारा स्टेटस पेपर तैयार करने, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस को यंत्रीकरण में बढ़ावा देने और अच्छी गुणवत्ता के शोध प्रकाशन पर भी बल दिया तथा परियोजना समन्वयक को विभिन्न केन्द्रों की स्वाट एनालिसिस करने का भी सुझाव दिया। इस अवसर पर डा. एस.पी. सिंह, परियोजना समन्वयक द्वारा पशुपालन में यंत्रीकरण पर देश में नौ केन्द्रों पर चल रहे कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। उन्होंने बताया कि पशुपालन के विभिन्न कार्यों जैसे दुग्ध उत्पादन, चारा प्रबंधन, गोबर प्रबंधन तथा पशु देखभाल में आधुनिक यंत्रों और तकनीकों के उपयोग से कार्यों को अधिक सरल और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि परियोजना के अंतर्गत विभिन्न केंद्रों पर कई नवीन तकनीकों का विकास किया गया है, जो किसानों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ केन्द्र पुरस्कार से आईसीएआर-केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल को सम्मानित किया गया। विभिन्न केन्द्रों द्वारा तैयार किये गये कुल 6 प्रकाशनों का अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया। साथ ही पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा मैसर्स रामकिशन एग्री इन्नोवेटिव प्राइवेट लिमिटेड के साथ तीन एमओयू क्रमश: 'बैट्री आपरेटेड डंग कलेक्षन मशीन'; 'एनिमल ड्रांन सीड-कम-सब-सरफेस मैन्योर एप्लिकेटर' एवं 'बैट्री अस्सिटेड पौल्ट्री लीटर रेकिंग मशीन' हस्ताक्षरित किये गये। कार्यक्रम के प्रारम्भ में निदेशक शोध, डा. एस.के. वर्मा ने सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि पशुपालन क्षेत्र में यंत्रीकरण से कार्यों की दक्षता बढ़ती है तथा किसानों को श्रम और समय दोनों की बचत होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों को अपने शोध अनुभव साझा करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन परियोजना अन्वेशक, डा. जयंत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।






# कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सुनी जनसमस्याएं

## छह करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले बिल्डर पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शनिवार को हल्द्वानी कैंप कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने जनता की शिकायतों पर त्वरित और कड़ी कार्यवाही की। जनसुनवाई में मुक्तेश्वर क्षेत्र में बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया, जिसमें हिलक्रस्ट एवं शिखर प्रॉपर्टीज के बिल्डर मनोज जोशी द्वारा छह लोगों से प्लॉट और विला के नाम पर करीब 6 करोड़ रुपये की ठगी की गई। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि बिल्डर ने स्टांप पेपर पर मार्च 2025 तक नक्शे के साथ भवन देने का वादा किया था, लेकिन आज तक न तो नक्शा पास हुआ और न ही कोई औपचारिकता पूरी की गई। आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए मनोज जोशी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने और प्राधिकरण के जेई को क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कंपनी की भूमि स्वामित्व की जांच करने के निर्देश दिए।आयुक्त ने मुक्तेश्वर क्षेत्र में होम स्टे के नाम पर बनाई जा रही बहुमंजिला इमारतों और होटलों को भू-कानून का घोर उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि सील होने के बाद भी यदि अवैध निर्माण जारी रहता है, तो इसके लिए प्राधिकरण के जेई की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने अवैध निर्माणों की वीडियोग्राफी कराने और वर्ष 2022 के बाद बने सभी भवनों के अभिलेखों की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित जेई का स्पष्टीकरण भी तलब



किया। हल्द्वानी शहर में इंडेन गैस सेवा द्वारा कम वजन के सिलेंडर देने और गैस की कालाबाजारी की शिकायतों पर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए केएमवीएन के एमडी को तत्काल कार्यवाही करने और सप्ताह में दो बार औचक निरीक्षण व छापेमारी के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान भवाली के नागरी गांव में वन भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने का मामला भी आया, जिस पर आयुक्त ने वन भूमि पर बने अवैध मकान को ध्वस्त करने और सरकारी भूमि बेचने व कब्जा करने वालों के खिलाफ लैंड ग्रैबिंग के तहत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में, पारिवारिक विवाद के कारण लापता चल रहे बनभूलपुरा निवासी फरजाना के पति को पुलिस ने आयुक्त के निर्देश पर ढूंढकर उनके सुपुर्द किया, जिस पर महिला ने आभार व्यक्त किया। आयुक्त ने जमीन खरीदने वाले लोगों से अपील की कि वे रजिस्ट्री के तुरंत बाद भूमि की चाहरदीवारी अवश्य कराएं ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके। जनसुनवाई में राजकीय शिक्षक संघ ने महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव देने, सतीश चंद्र जोशी ने पैतृक संपत्ति की पैमाइश और अन्य लोगों ने अतिक्रमण हटाने के अनुरोध किए, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि पर्वतीय क्षेत्रों में बेतरतीब प्लाटिंग पर्यावरण के लिए खतरा है और इसे रोकने के लिए सचिव विकास प्राधिकरण को सख्त नीति लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली निवासी समीम के खिलाफ भी संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अटरिया मंदिर में चोरी का किया खुलासा

## पुलिस ने गिरफ्तार युवक से बरामद की चोरी की नगदी

पंतनगर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में पंतनगर पुलिस ने अटरिया माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से चोरी की गई धनराशि भी बरामद कर ली है। गौरतलब है कि 26 फरवरी 2026 को वादी पंकज गौड़ पुत्र नन्हे बाबू शर्मा निवासी रम्पुरा रूद्रपुर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। तहरीर में बताया गया था कि अज्ञात चोरों ने अटरिया माता मंदिर के छह दान पात्र तोड़कर उनमें रखी नगदी चोरी कर ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक रूद्रपुर और क्षेत्राधिकारी पंतनगर के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष पंतनगर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।पुलिस टीम ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का गहन अवलोकन किया और सुरागरसी पतारसी के दौरान 6 मार्च 2026 को घटना में शामिल एक अभियुक्त राम किशन उर्फ किशन पुत्र स्वर्गीय कप्तान सिंह निवासी तीन पानी डैम, ट्रांजिट कैंप को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। 18 वर्षीय अभियुक्त



के कब्जे से पुलिस ने चोरी किए गए कुल 8108 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त एक भगवा रंग के कपड़े का टुकड़ा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मंदिर में चोरी की घटना दो अज्ञात चोरों द्वारा अंजाम दी गई थी जिसमें से एक को दबोच लिया गया है। अभियुक्त को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष नन्दन सिंह रावत, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल नितिन कुमार और कांस्टेबल हरी सिंह शामिल रहे।

# शक्तिफार्म में अवैध गर्भपात क्लीनिक का भंडाफोड़

## स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में क्लीनिक सील

शक्तिफार्म। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शक्तिफार्म के मुख्य बाजार में संचालित एक अवैध निजी क्लीनिक में चल रहे गर्भपात के धंधे का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। छापेमारी के दौरान टीम ने क्लीनिक को सील कर गर्भपात में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों और उपकरणों को जब्त कर लिया। स्वास्थ्य विभाग को काफी समय से इस क्लीनिक में अनाधिकृत रूप से गर्भपात कराए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इसी आधार पर उप जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव के नेतृत्व में शुक्रवार देर शाम टीम ने क्लीनिक पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम ने क्लीनिक संचालिका को एक 25 वर्षीय युवती का गर्भपात करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि क्लीनिक का कोई वैध पंजीकरण नहीं था और बिना लाइसेंस के कई एलोपैथिक दवाइयां तथा चिकित्सा सामग्री भी वहां रखी गई थीं। डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि पंजीकरण न होने और अवैध गतिविधियां पाए जाने पर क्लीनिक को तत्काल



प्रभाव से सील कर दिया गया है तथा पूरे मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।सूत्रों के अनुसार इस अवैध क्लीनिक का नेटवर्क केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं था, बल्कि उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों तक फैला हुआ था। एजेंटों के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों और यूपी से महिलाओं व युवतियों को यहां गर्भपात कराने के लिए लाया जाता था और इसके बदले मोटी रकम वसूली जाती थी। बताया जा रहा है कि यह अवैध धंधा लंबे समय से चल रहा था। छापेमारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके से कई प्रतिबंधित दवाइयां और उपकरण भी बरामद किए। इनमें एमटीपी किट (अनचाहा गर्भ किट), मीसोप्रोस्ट की गोलियां, क्लिंडामाइसिन और क्लोट्रिमाजोल वेजाइनल सॉफ्ट जेल कैप्सूल, कंट्रसेफ्ट किट, सिल्डेनाफिल टैबलेट, गुड न्यूज कार्ड, अंबिलिकल ऑक्लूजन डिवाइस सहित एलीज फोर्सेप्स, ड्रम फोर्सेप्स, नीडल होल्डर जैसे चिकित्सीय उपकरण शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला से अभद्रता करने वाला पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली पर्व के दौरान भूतबंगला क्षेत्र में दो पक्षों के बीच मार्ग से टुकटुक निकालने को लेकर हुए विवाद मामले में माहौल खराब करने की कोशिश की गई। इस घटना के बाद रम्पुरा चौकी में वर्गविशेष के उपद्रवी पक्ष के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर पहुंची महिला के साथ सिविल ड्रेस में तैनात एक पुलिसकर्मी द्वारा अभद्रता और मारपीट की गई। मामले की जानकारी मिलते ही विधायक शिव अरोरा रम्पुरा चौकी पहुंचे और पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिए। विधायक ने मौके पर पहुंचे कोतवाल से दूरभाष पर स्पष्ट कहा कि हिंदू त्योहारों पर खलल डालने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। विधायक के कड़े रुख के बाद पुलिस ने इस मामले में चार नामजद युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। विधायक शिव अरोरा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि जब पीड़ित महिला और उसका परिवार होली पर्व पर हुई मारपीट के बाद न्याय की गुहार लगाने चौकी आता है, तो वहां



तैनात पुलिसकर्मी द्वारा उसके साथ जूतों से मारपीट और अभद्रता करना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से जनता का पुलिस पर से विश्वास उठता है और महिला सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। विधायक के हस्तक्षेप के बाद संबंधित पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। विधायक ने पुलिस को भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और हिंदू त्योहारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह महिला सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं। विधायक शिव अरोरा ने क्षेत्र के कट्टरपंथी तत्वों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि रूद्रपुर के किसी भी क्षेत्र में चाहे हिंदू परिवार संख्या में कम ही क्यों न हों, वे अपनी होली और दीपावली पूरे उत्साह और दम-खम के साथ मनाएंगे। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि कोई रोक सकता है तो रोक ले। विधायक ने याद दिलाया कि इससे पूर्व भी उन्होंने खेड़ा क्षेत्र में ऐसी चुनौती स्वीकार कर प्राचीन चामुंडा मंदिर में दीपावली मनाने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि उनके रहते रूद्रपुर में किसी भी प्रकार की कट्टरपंथी मानसिकता को पनपने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान विक्की वाल्मीकि, राज कोली, महेश कोली, सुदामा कोली, विशाल कोली, चन्द्रसेन चंदा, सौरभ गुप्ता, बिट्टू शर्मा, मयंक कक्कड़, सन्नी पासवान, नमन चावला, आरती देवी, मंजू, प्रीति, सुजाता रानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# विद्यालय एवं अभिभावक बच्चों के साथ करें काउंसलिंग : धालीवाल

गदरपुर । रेड रोज कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर और समाजसेवी नैब सिंह धालीवाल ने एक बयान जारी कर विभिन्न सोशल मीडिया चौनलों के माध्यम से गलत तथ्यों के आधार पर वायरल किया जा रहे समाज विरोधी विषयों पर रोष जताया है । उनका कहना है,कुछ बुद्धिजीवी व्यक्तियों का एक समूह उनके पास



आया था। जिन्होंने आप सभी के लिए मुझे निवेदन करने के लिए कहा कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे बिगड़ रहे हैं तथा अभिभावक उनको अनदेखा कर रहे हैं। जिससे समाज की स्थिति अत्यंत चिंताजनक होती जा रही है। इसलिए उनके द्वारा सभी विद्यालयों से अपील की जा रही हैं कि वह अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों तथा अभिभावकों को काउंसिलिंग दें। जिससे बच्चे जो कुछ इंस्टाग्राम आदि पर कर रहे हैं उस पर कुछ रोक लग सके।वैसे तो इसके बारे में उन्होंने पुलिस प्रशासन को भी अवगत कराया है तथा प्रशासन अपने स्तर पर काम कर रहा है। लेकिन उनके द्वारा व्यक्तिगत रूप से सभी से निवेदन किया गया है , कि आप अपने बच्चों तथा अभिभावकों की काउंसिलिंग करवाएँ। जिससे समाज की स्थिति में सुधार लाया जा सके।अंत में यह भी कहा कि यदि आपको कोई अच्छा काउंसलर नहीं मिल रहा है तो आप उन्हें भी अपने विद्यालय में बुला सकते हैं। कई विद्यालयों के प्रबंधकों एवं अभिभावकों द्वारा सकारात्मक सोच अपनाते हुए उक्त पहल का स्वागत किया है।

# छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में एक सप्ताह दिवसीय खेल प्रतियोगिता "स्पर्धा 2026" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साह चरम पर देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किड्स पैराडाइज स्कूल दिनेशपुर के प्रधानाचार्य गिरीश प्रसाद होता एवं सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज रूद्रपुर के प्रधानाचार्य नीरज कुमार अग्रवाल रहे। आयोजन के पहले दिन विभिन्न खेलों के क्वालीफायर राउंड आयोजित किए गए, जबकि दूसरे दिन सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। कार्यक्रम का संचालन चंदन राणा द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं के परिणामों की बात करें तो खो-खो बालक वर्ग में एप्लाइड साइंस तथा बालिका वर्ग में मैनेजमेंट ने बाजी मारी। क्रिकेट में इंजीनियरिंग की टीम विजेता रही, जबकि कबड्डी में मैनेजमेंट के छात्रों ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बी. फार्म के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। एथलेटिक्स में 100 एवं 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अभिषेक (बी.बी.ए.) प्रथम रहे। वहीं 100 मीटर बालिका वर्ग में तनिष्का कोहली (सिविल) और 200 मीटर में अमृत कौर (बी.एससी. नर्सिंग) विजेता बनीं। जेवलिन थ्रो बालक वर्ग में प्रियांशु बिष्ट और बालिका वर्ग में अमृत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में गौतम और आंचल ने जीत दर्ज की, जबकि शॉट पुट में प्रियांशु बिष्ट और विशाखा रौतेला अव्वल रहे। इंदौर खेलों में कैरम प्रतियोगिता के बालक वर्ग में




मनीष बैरागी व भारत किशोर तथा बालिका वर्ग में नंदिता व अर्पिता की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज में सुदीप ने अपनी चालों का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान पाया। बैडमिंटन में अरुण व अभिषेक और बालिका वर्ग में ज्योति व खुशी की जोड़ी विजयी रही। टग ऑफ वार (रस्साकशी) के कड़े मुकाबले में बालक वर्ग में पैरामेडिकल विभाग और बालिका वर्ग में मैनेजमेंट की छात्राओं ने जीत हासिल की। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समारोह के अंत में संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, प्रबंध निदेशक सी.ए. शिव अरोरा, निर्देशिका डॉ. सीमा अरोरा और वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर ने सभी विजेताओं को बधाई दी। इस दौरान मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर, शौर्य अरोरा, हेड ऑफ इंस्टीट्यूशन ललित सिंह बिष्ट, डॉ. प्रकाश पंत, विवेक त्रिवेदी, मुकेश कुमार, अनुभव बाठला सहित समस्त स्पोर्ट्स कमेटी और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों और बड़ी संख्या में मौजूद छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त करवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# अनमोल संकल्प सिद्धि फाउंडेशन ने नारी शक्ति को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह की पूर्व संध्या के अवसर पर अनमोल संकल्प सिद्धि फाउंडेशन ने शनिवार को नगर निगम सभागार में संकल्प सिद्धि समारोह आयोजित किया, जिसमे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही महिलाओ को तथा नेत्रदान व देहदान का संकल्प लेने वालों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रिम्पी बिष्ट व नेहा बिष्ट ने किया। कार्यक्रम में लघु नाटिका के माध्यम से नारी के सम्मान व स्वाभिमान पर जोर दिया गया। सम्मान समारोह में गीता बिष्ट, कमला नेगी, बचुली देवी, रिंकू नैनवाल, वंदना शर्मा, एकता बिष्ट, रश्मि लमगड़िया, मुक्ता जैन, रेखा पांडे, मोहिनी रावत, जानकी थापा, बेबी मेहर कौर को उनके उल्लेखनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। देहदान व नेत्रदान करने वाली बीना जोशी, डॉ माधवानंद जोशी, देवेंद्र सिंह नयाल, उदिता नयाल, नीरू धवन, रीना सिंघाल, माया लटवाल, दीपा पुनेरा, नीलम वर्मा, आनन्द पांडे, राकेश चन्द्र रयाल, शोभा जोशी, दिगम्बर वर्मा, प्रोव बसंत जोशी, कमला डसीला, आनन्द सिंह डसीला, विपिन चन्द्र जोशी, सीमा जोशी, विनय जोशी, कृष्ण चन्द्र खत्री, चंद्रा खत्री, इंदु वाधवा, प्रदीप फुटेला, सीमा फुटेला, कमला सुयाल, रुक्मणि नेगी, अनिता देवी, विशन गुप्ता, मालती जैन, पुष्पा जैन, इंदु वाधवा, अभिषेक वार्ष्णेय व नंदनी वार्ष्णेय को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष अरुणा टंडन ने देहदान व नेत्रदान की महत्ता पर प्रकाश डाला और



नारी के सम्मान व सशक्तिकरण करने पर जोर दिया। संस्थाध्यक्ष सुचित्रा जायसवाल ने बताया कि संस्था द्वारा विगत कई वर्षो से देहदान, नेत्रदान, रक्तदान, निर्धन कन्याओं का विवाह व चिकित्सा शिविर सहित तमाम कार्यो के अतिरिक्त दिव्यांगों के लिए नि:शुल्क उपकरण वितरित किये गए है। उन्होंने बताया कि संस्था भविष्य में भी समाजसेवा व महिलाओं के उत्थान के कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा, दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संध्या डालाकोटी, डॉ नितिन मेहरोत्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, नागेश दुबे, सतेंद्र सिंह सम्मी ने सम्मानितजनो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए नारी की महत्ता, त्याग समर्पण व उनके उल्लेखनीय कार्यो पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी भी देश का गौरव नारी के सम्मान व उनकी स्थिति से है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को प्रोत्साहन देने की जरूरत है, उनका साथ देने की जरूरत है। आज नारी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नही है।यहां संस्था सचिव सुमन पाठक, सुनीता जोशी, रेनू काण्डपाल, मिथुन जायसवाल, बलजीत कौर, तरनजीत कौर, नीतू सनवाल, डिम्पल जोशी, मनोज जौहरी व मन्नू कपूर सहित तमाम लोग उपस्तिथ थे।

# विधायक शिव ने मार्ग का किया शिलान्यास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य योजना के अंतर्गत 2.83 करोड़ की लागत से मुख्य बाजार में स्वीकृत दो किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण क्रम में विधायक शिव अरोरा ने भगत सिंह चौक से डॉ डोगरा क्लिनिक को जाने वाले मार्ग के निर्माण कार्य का फीता काटकर भव्य शिलान्यास किया। इस विशेष अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने क्षेत्र के वरिष्ठ व्यापारियों से नारियल फुड़वाकर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत करवाई। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि उनके प्रयासों से मुख्य बाजार में कुल दो किलोमीटर के हॉटमिक्स मार्ग स्वीकृत हुए थे, जिनमें से अधिकांश मार्गों का निर्माण कार्य दीपावली से पूर्व ही पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पंजाबी मार्केट, गुरुद्वारा गोल मार्केट, गुप्ता मेडिकल गली, वीर हकीकत मार्ग, बंसल ज्वेलर्स मार्ग, पांच मन्दिर मार्ग और डॉ बठला अस्पताल वाली गलियां अत्यंत खस्ताहाल स्थिति में थीं, जिनके नवनिर्माण के बाद अब वहां की सूरत पूरी तरह बदल चुकी है।शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों ने विधायक शिव अरोरा को अवगत कराया कि यह विशिष्ट मार्ग पिछले 20 वर्षों से जर्जर और दयनीय हालत में था। इस पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि निश्चित रूप से इस मार्ग के आधुनिक निर्माण से आदर्श कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी व अन्य संपर्क मार्गों की ओर जाने वाले हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक ने जोर देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से मुख्य बाजार के लगभग सभी प्रमुख मार्ग अब सुदृढ़ हो चुके हैं और इस 100 मीटर के मार्ग का शिलान्यास भी आज कर दिया गया है, जो अगले दो से तीन दिनों के भीतर बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। उन्होंने दोहराया कि क्षेत्र के सतत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए लगातार जनहित के निर्माण कार्यों को गति दी जा रही है। मार्ग निर्माण की इस बड़ी सौगात मिलने पर स्थानीय व्यापारियों ने विधायक शिव अरोरा का फूलमालाओं और मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया और उनके प्रति आभार जताया। इस दौरान केवल बत्रा, नरेश ग्रोवर, गुलशन नारंग, सुरमुख सिंह विर्क, राजकुमार खनिजो, अशोक गुम्बर, संदीप डोगरा, जगदीश टंडन, मयंक कक्कड़, मोहित बत्रा, मोहित चड्डा, मनोज मदान, हरबंस गुम्बर, सुनील यादव, नमन चावला, शिवम खुराना, गौरव गाँधी आदि लोग मौजूद रहे।



# चंदन हॉस्पिटल में अवैध वसूली और लापरवाही की शिकायतों पर बैठाई जांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने हल्द्वानी स्थित चंदन हॉस्पिटल में उपचार के नाम पर अवैध वसूली, चिकित्सा में लापरवाही, आर्थिक शोषण एवं कुप्रबंधन की गंभीर शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। इस जांच समिति की कमान अपर जिलाधिकारी प्रशासन को सौंपी गई है, जबकि नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी और अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को बतौर सदस्य नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने जांच समिति को चंदन हॉस्पिटल में वसूली जा रही फीस और निर्धारित स्वास्थ्य मानकों की वस्तुस्थिति की विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए हैं।इस महत्वपूर्ण प्रकरण के संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक राय ने जानकारी रखने वाले सभी सम्बद्ध या असम्बद्ध व्यक्तियों से सार्वजनिक अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर कोई भी व्यक्ति अपना मौखिक अथवा लिखित बयान, अधिकथन या मामले से संबंधित कोई भी साक्ष्य गठित जांच समिति के किसी भी अधिकारी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को प्रस्तुत कर सकता है। प्रशासन की इस सक्रियता से अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि मरीजों के आर्थिक शोषण और उपचार में लापरवाही बरतने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# नशा माफिया नाजिम के घर पर चलेगा बुल्डोजर

रुद्रपुर। पिछले दिनों पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने और मुठभेड़ के बाद सलाखों के पीछे पहुंचे नशा माफिया नाजिम के घर को ढहाने के लिए नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। महापौर विकास शर्मा के निर्देशों के बाद निगम की टीम ने आरोपी के घर पर नोटिस थमा दिया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में जल्द ही वहां बुल्डोजर की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जानकारी देते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल मार्गदर्शन में उत्तराखंड को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है और नगर निगम इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नशा माफिया न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती हैं, बल्कि वे युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकार में धकेल कर समाज के माथे पर कलंक के समान हैं। नाजिम जैसा अपराधी जो लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में




लिप्त था और उसने वर्दीधारी पुलिसकर्मियों पर हमला करने का दुस्साहस भी किया, उनके लिए समाज में कोई स्थान नहीं है। नगर निगम इससे पूर्व भी कई नशा माफियाओं के अवैध ठिकानों को जमींदोज कर चुका है और यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम ने नाजिम के परिजनों को नोटिस देकर 15 दिन का समय देते हुए घर के स्वामित्व से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा है। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर आरोपी पक्ष घर की रजिस्ट्री या अन्य पक्के कागजात दिखाने में विफल रहता है, तो नगर निगम पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई करेगा। महापौर ने कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में वर्तमान में धाकड़ धामी की सरकार कार्य कर रही है, जहाँ अपराधियों और नशा माफियाओं के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है।

# शांभवी तिवारी को बेहड़ ने किया सम्मानित

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटी शांभवी तिवारी ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 46वीं रैंक प्राप्त कर आईएएस में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने शांभवी तिवारी के आवास पर पहुंचकर उन्हें पौधा एवं भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का चित्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही शांभवी के पिता सुशील तिवारी को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि शांभवी तिवारी की यह ऐतिहासिक सफलता किच्छा क्षेत्र के लिए बड़े गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि शांभवी की मेहनत, लगन और अनुशासन आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि वह प्रशासनिक सेवा में रहते हुए देश और समाज की सेवा कर क्षेत्र का नाम और अधिक ऊंचा करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की बेटियों का इस प्रकार आगे बढ़ना समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है और इससे अन्य युवाओं को भी जीवन में बड़े लक्ष्य प्राप्त करने की नई ऊर्जा मिलेगी। विधायक ने शांभवी तिवारी के सुखद भविष्य की कामना करते हुए



कहा कि उनकी यह गौरवपूर्ण सफलता पूरे क्षेत्र के लिए एक विशेष क्षण है। इस अवसर पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, ओमप्रकाश दुआ, दीप हंसपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्षतिग्रस्त पुलिया की रात में कराई मरम्मत

रुद्रपुर। शहर के मुख्य बाजार वार्ड-28 स्थित सुभाष कॉलोनी में लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी पुलिया को महापौर विकास शर्मा के सहयोग से वार्ड पार्षद चिराग कालरा ने दुरुस्त कराया। पुलिया की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा आए दिन दुर्घटना का खतरा भी बना रहता था।क्षेत्रवासियों की शिकायतों और समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद चिराग कालरा ने नगर निगम के सहयोग से मरम्मत कार्य शुरू कराया। देर रात से शुरू हुए इस कार्य को रात करीब 3 बजे तक पूरा किया गया। पुलिया को मजबूत बनाने के लिए ब्लैक टॉप हॉटमिक्स तकनीक से इसकी मरम्मत कराई गई, जिससे सड़क और पुलिया दोनों को मजबूती मिल सके और आवागमन सुचारू रूप से जारी रह सके।इसके अलावा शिवाजी चौक से पांच मंदिर जाने वाले मार्ग पर बनी दूसरी क्षतिग्रस्त पुलिया को भी ठीक कराया गया। यह पुलिया भी लंबे समय से टूटी हुई थी, जिसके कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। मरम्मत कार्य के बाद अब इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को राहत मिलेगी।पार्षद चिराग कालरा ने कहा कि वार्ड के लोगों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कार्य कराया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जहां-जहां सड़कें और पुलिया क्षतिग्रस्त हैं, वहां भी जल्द मरम्मत कार्य कराया जाएगा ताकि आम जनता को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।पुलिया की मरम्मत होने के बाद स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने खुशी जताई और महापौर विकास शर्मा तथा पार्षद चिराग कालरा का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि लंबे समय से यह समस्या बनी हुई थी, लेकिन अब मरम्मत होने से दुर्घटना की आशंका खत्म हो गई है और आवागमन पहले की तरह सुगम हो गया है।



# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने चलाया जागरूकता अभियान

पंतनगर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के दिशा निर्देश और प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू के पर्यवेक्षण में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) और साइबर अपराध प्रकोष्ठ की टीम ने डाबर इंडिया लिमिटेड पंतनगर यूनिट में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान वहां कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों को मानव तस्करी, महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और बढ़ते साइबर अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों के प्रति सचेत करते हुए उनसे बचाव के तरीके साझा किए।अभियान के अंतर्गत साइबर विशेषज्ञों ने वित्तीय धोखाधडी से बचने के उपायों और फेसबुक व इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की सुरक्षित हैंडलिंग के बारे में जागरूक किया। टीम ने साइबर सुरक्षा और इसकी रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया। साथ ही आपातकालीन स्थितियों और साइबर ठगी की सूचना देने के लिए टोल फ्री नंबर 112, 1098, राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 और नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की भी जानकारी प्रदान की, ताकि किसी भी अप्रिय घटना या धोखाधड़ी की स्थिति में समय रहते उचित विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।इस जागरूकता अभियान में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और साइबर अपराध प्रकोष्ठ की टीम से निरीक्षक बसन्ती आर्य, उपनिरीक्षक रीता चौहान, महिला कांस्टेबल ज्योति चौधरी, दीपा कुंवर और प्रियंका कोरंगा मुख्य रूप से शामिल रहीं।



# एसएसपी ने थाना झनकईया का किया औचक निरीक्षण

## भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा, ग्रामीणों के साथ किया जनसंवाद

खटीमा (उद संवाददाता)। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा शनिवार को थाना झनकईया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी द्वारा थाना परिसर की व्यवस्थाओं, कार्यालय अभिलेखों, पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली तथा सुरक्षा व्यवस्था का गहन बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसएसपी अजय गणपति द्वारा थाना झनकईया पहुंचकर सर्वप्रथम थाना परिसर, थाना कार्यालय, मैस तथा कर्मचारी बैरकों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान थाना कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण रजिस्टरों व अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने एवं समय समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी द्वारा कर्मचारियों को अनुशासन, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने की हिदायत दी गई।निरीक्षण के दौरान एसएसपी द्वारा थाने में नियुक्त समस्त विवेचकों का ओआर लिया गया तथा लंबित अभियोगों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने विवेचकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी मुकदमों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विवेचना के दौरान साक्ष्यों का सही संकलन करने, अभियोगों की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा निष्पक्ष व पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के पश्चात एसएसपी अजय गणपति द्वारा थाना झनकईया क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा से सटे ग्राम सिसैया तथा मेलाघाट के नावघाट क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के पूर्व व वर्तमान ग्राम प्रधानों, व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों तथा लगभग 40-50 स्थानीय ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर जनसंवाद किया। ग्रामीणों द्वारा सीमा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों से एसएसपी को अवगत कराया गया जिनके समाधान हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए।भ्रमण के दौरान एसएसपी द्वारा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों एवं जवानों के साथ बैठक कर सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, गश्त व्यवस्था एवं आपसी समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा पुलिस और एसएसबी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना एवं आमजन के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है जिससे क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखा जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।











# पुण्य तिथि पर पंडित गोविंद बल्लभ पंत को किया नमन

पंतनगर। भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि के अवसर पर गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के नाहेप भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जीवन देशभक्ति, जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। उनके आदर्श और विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पंत जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित किया गया।



# आईएएस बनी शांभवी को डीएम ने किया सम्मानित

रूद्रपुर। किच्छा स्थित बसंत गार्डन निवासी शांभवी तिवारी ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में 46वीं रैंक प्राप्त कर परिवार समेत पूरे जनपद और प्रदेश का नाम रोशन किया है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अपने कैंप कार्यालय में शांभवी तिवारी को आमंत्रित कर उन्हें इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शांभवी की यह उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है और यह उनके कठिन समर्पण, अनुशासन व निरंतर मेहनत का सुखद परिणाम है।शांभवी तिवारी के पिता सुशील तिवारी टांडा स्थित गुरुनानक इंटर कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं और उनकी माता निवेदिता अवस्थी नानकमता स्थित डिग्री कॉलेज में लेक्चरार हैं। शिक्षा और संस्कारों से समृद्ध पारिवारिक माहौल ने शांभवी को अपने लक्ष्य के प्रति सदैव प्रेरित रखा। शांभवी ने वर्ष 2024 में भी यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसमें उन्हें 445वीं रैंक प्राप्त हुई थी और उनका चयन रेलवे ट्रैफिक सेवा के लिए हुआ था। किंतु वह अपने परिणाम से संतुष्ट नहीं थीं और उन्होंने अपने लक्ष्य को और बेहतर बनाने के लिए दोबारा परीक्षा देने का साहसिक निर्णय लिया। अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने इस बार 46वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।शांभवी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पंतनगर स्थित कैंपस स्कूल से प्राप्त की और उसके बाद पंतनगर विश्वविद्यालय से ही इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई पूरी की। उनके नाना आरपी अवस्थी पंतनगर विश्वविद्यालय से प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। शांभवी अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, नाना तथा ईश्वर की प्रेरणा को देती हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान वह प्रतिदिन लगभग छह से सात घंटे अध्ययन करती थीं। इंटरव्यू के समय उन्होंने पढ़ाई के घंटों की कोई निश्चित सीमा नहीं रखी। आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए उन्होंने मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन कोचिंग लेकर अपनी तैयारी को मजबूत किया। शांभवी ने युवाओं को संदेश दिया कि सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से मेहनत करना आवश्यक है और असफलता से निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी गौरव पाण्डे और सुशील तिवारी उपस्थित रहे।



# महापौर विकास शर्मा ने केन्द्रीय गृह मंत्री का किया स्वागत

हरिद्वार/रूद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने उत्तराखण्ड के महत्वपूर्ण दौरे पर आए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में शिष्टाचार भेंट की। महापौर ने देवभूमि आगमन पर गृह मंत्री अमित शाह को गुलाब का फूल भेंट कर अभिनंदन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महापौर विकास शर्मा हरिद्वार में आयोजित 'धामी सरकार के 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस ऐतिहासिक रैली के दौरान उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री के ओजस्वी संबोधन को सुना और उसे कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि धामी सरकार के चार सफल वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित यह रैली भव्यता और जन-उत्साह की दृष्टि से अभूतपूर्व रही। समारोह के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने उत्तराखण्ड की प्रगति को नई गति देते हुए 1100 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। महापौर विकास शर्मा ने इन योजनाओं को राज्य के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के इस सहयोग से प्रदेश के समग्र विकास का मार्ग और अधिक सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं का सीधा लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचेगा। महापौर ने कहा कि अमित शाह के संबोधन ने संगठन और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है। उनके ओजस्वी विचारों से प्रेरित होकर प्रत्येक कार्यकर्ता अब और अधिक प्रतिबद्धता के साथ जनसेवा और पार्टी संगठन के कार्यों में जुटेंगे। गृह मंत्री द्वारा प्रदेश में तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने के आह्वान पर महापौर ने कहा कि यह संकल्प निश्चित रूप से पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के युवा नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी 2027 में फिर से इतिहास रचेगी। जनता का अटूट विश्वास और सरकार के विकासपरक कार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकारभारी बहुमत के साथ सत्ता में आए।



# दीपक बख्शी को फिर मिली भाविप हल्द्वानी की कमान

हल्द्वानी। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी के होली मिलन और वार्षिक चुनाव कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। उसके पश्चात भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात चुनाव अधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष विनय खुल्लर और मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा के निर्देशन में चुनाव कराए गए। जिसमें अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से दीपक बख्शी, सचिव पद पर डॉ निधि अग्रवाल और कोषाध्यक्ष पद के लिए मनीष अग्रवाल को चुना गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, क्षेत्रीय संयोजक संस्कार पाला मेहता, अमित अग्रवाल, एकता अग्रवाल, डॉ अभिषेक मित्तल, दीपिंका अग्रवाल, मोनिका मित्तल, जितेंद्र साहनी, मीनू गुप्ता, सीमा बक्शी, प्रदीप बिष्ट, डॉ अतुल राजपाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# न्याय में देरी के कारण

अगर किसी नागरिक को न्याय पाने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़े, तो आखिर उसका क्या महत्त्व रह जाता है! माना जाता है कि समय पर न्याय न मिलना अन्याय के समान होता है। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में बड़ी संख्या में लोगों को इस तरह के संकट का सामना करना पड़ता है। न्याय में देरी के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें लंबित मामलों का बोझ, न्यायाधीशों की कमी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया भी शामिल है। मगर, जब अदालती कार्यवाही पूरी होने के बाद भी वर्षों तक न्याय के लिए प्रतीक्षा करनी पड़े, तो उसे किस रूप में देखा जाएगा।सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में ऐसे ही तीन आपराधिक मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अपने पास स्थानांतरित किए हैं। इन मामलों में उच्च न्यायालय ने छह वर्ष पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिन पर अब तक निर्णय नहीं सुनाया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्याय में हो रही असाधारण देरी से पीड़ित पक्ष के त्वरित न्याय के अधिकार पर सीधा असर पड़ रहा है।किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने फैसले में माना है कि समय पर न्याय न मिलना कानून के शासन के लिए नुकसानदेह हो सकता है।यह सच है कि देश में लंबित मुकदमों का बोझ भी समय पर न्याय न मिलने का एक बड़ा कारण है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2025 तक देश भर की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। माना जाता है कि न्यायाधीशों की कमी और लंबी एवं जटिल न्यायिक प्रक्रिया की वजह से भी मामलों की सुनवाई में देरी होती है।ऐसे में सरकार और न्यायपालिका को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुकदमों की बढ़ती संख्या के लिहाज से न्यायाधीशों की कमी को दूर किया जाए, न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ एवं सरल बनाया जाए और अदालती कार्यवाही पूरी होने पर न्याय में किसी तरह की देरी न हो, ताकि न्यायपालिका पर आम लोगों का भरोसा कायम रहे।

# थाना दिवस में घरेलू उत्पीड़न की शिकायतों का निस्तारण

रूद्रपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोतवाली रूद्रपुर में विशेष थाना दिवस और महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से एक दर्जन से अधिक महिलाएं अपनी समस्याएं लेकर पहुंचीं, जिनमें मुख्य रूप से घरेलू उत्पीड़न, आपसी मारपीट और पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने जैसे मामले शामिल रहे। कार्यक्रम में शिव नगर, भूरारानी, महरौला और रम्पुरा समेत अन्य क्षेत्रों की महिलाओं ने पुलिस के समक्ष अपनी आपबीती सुनाई। यद्यपि कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का आगमन प्रस्तावित था, किंतु किन्हीं अपरिहार्य कारणों के चलते वे नहीं पहुँच सके। एसएसपी की अनुपस्थिति में एसएसआई अनिल जोशी, महिला उपनिरीक्षक नेहा राणा और महिला उपनिरीक्षक रीता चौहान ने कमान संभाली और एक-एक कर सभी महिलाओं की समस्याओं को



विस्तार से सुना। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कई पारिवारिक विवादों का मौके पर ही काउंसलिंग के माध्यम से निस्तारण कराया। वहीं, गंभीर प्रकृति के मामलों को संज्ञान में लेते हुए एसएसआई अनिल जोशी ने संबंधित चौकी प्रभारियों को तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए। अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और महिला हेल्पलाइन नंबरों के प्रति भी जागरूक किया। सुनवाई के दौरान पुलिस का मानवीय चेहरा भी सामने आया, जहाँ महिलाओं को त्वरित न्याय का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई अनिल जोशी, बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह खत्री, आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, बगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल, रम्पुरा चौकी प्रभारी कविंद्र शर्मा, उपनिरीक्षक नेहा राणा, रीता चौहान, चंदन बिष्ट और हेड कांस्टेबल पायल, महिला कांस्टेबल दीपा कुंवर समेत भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा। पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# रूद्रपुर में बीएलके मैक्स हॉस्पिटल की ओपीडी सेवाओं की हुई शुरुआत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीएलके मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नई दिल्ली ने रूद्रपुर के नारायण हॉस्पिटल में मेडिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं का औपचारिक शुभारंभ किया है। इस महत्वपूर्ण सेवा की शुरुआत बीएलके मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नई दिल्ली के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर एवं यूनिट हेड चंद्रगौड़ा दोडगौदार और एसोसिएट कंसल्टेंट राजा छाबड़ा की उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर नारायण हॉस्पिटल के सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं डायरेक्टर प्रदीप अदलखा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। नई शुरू की गई ओपीडी सेवाओं के अंतर्गत चंद्रगौड़ा दोडगौदार और राजा छाबड़ा हर महीने के पहले और तीसरे शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक नारायण हॉस्पिटल रूद्रपुर में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। यहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा कैंसर से संबंधित प्राथमिक परामर्श और फॉलोअप कंसल्टेशन प्रदान किया जाएगा जिससे स्थानीय




मरीजों को विशेषज्ञ उपचार के लिए महानगरों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी। इस अवसर पर सीनियर डायरेक्टर चंद्रगौड़ा दोडगौदार ने कहा कि वर्तमान समय में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और हर प्रकार के कैंसर के इलाज में अलग अलग चुनौतियाँ सामने आती हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों में कैंसर के प्रकार और स्टेज के अनुसार लगातार खांसी, आवाज में भारीपन, निगलने में कठिनाई, शरीर में असामान्य गांठ, अचानक वजन कम होना और अत्यधिक थकान जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इन ओपीडी सेवाओं का उद्देश्य मरीजों को आधुनिक उपचार विकल्प, सही काउंसलिंग और संवेदनशील देखभाल उपलब्ध कराना है। एसोसिएट कंसल्टेंट राजा छाबड़ा ने बताया कि बीएलके मैक्स हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए प्रिसिशन बेस्ड कीमोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और हार्मोन थेरेपी के साथ लेटेस्ट मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स की व्यापक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मल्टीडिसिप्लिनरी ट्यूमर बोर्ड डिस्कशन के माध्यम से विशेषज्ञों की सामूहिक राय से मरीजों को समग्र और एविडेंस बेस्ड कैंसर केयर प्रदान की जाती है। हॉस्पिटल का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही कैंसर के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना भी है ताकि समय पर जांच और इलाज से मरीजों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सके।

# एस्कॉर्ट फार्म भूमि मामले में जिलाधिकारी ने याचिकाकर्ताओं की सुनीं आपत्तियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा जनपद ऊधमसिंहनगर की तहसील काशीपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित एस्कॉर्ट फार्म भूमि से संबंधित विभिन्न रिट याचिकाओं में सुनवाई हेतु दिए गए आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया द्वारा शनिवार को जिला सभागार में याचिकाकर्ताओं की उपस्थिति में सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने याचिकाकर्ताओं को अपने पक्ष में साक्ष्य और अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु एक सप्ताह का अंतिम अवसर प्रदान किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा एस्कॉर्ट फार्म भूमि से संबंधित विभिन्न रिट याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पृथक पृथक आदेश पारित किए गए हैं।

# रामनगर पालिका में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर एडीएम ने की छापेमारी

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर नगर पालिका में वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों की जांच करने के लिए शनिवार को अपर जिलाधिकारी (एडीएम) नैनीताल शैलेंद्र सिंह नेगी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। एडीएम ने शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों की मौके पर बारीकी से जांच की और



संबंधित दस्तावेजों को खंगाला। गौरतलब है कि रामनगर निवासी अरविंद कुमार ने वित्त सचिव को लिखित शिकायत भेजकर नगर पालिका प्रशासन पर भ्रष्टाचार के सनसनीखेज आरोप लगाए थे।शिकायतकर्ता का मुख्य आरोप है कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में 61 निविदाएं (टेंडर) निकाली गई थीं, जिन्हें संदिग्ध परिस्थितियों में निरस्त कर दिया गया। इसके बाद इन निविदाओं को दोबारा निकाला गया, जिसमें बड़े स्तर पर बंदरबांट और भ्रष्टाचार किया गया है। इसके अलावा, कुछ वर्ष पूर्व रामनगर में आयोजित हुए जी-20 समिट के दौरान कराए गए कार्यों में भी धांधली और वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। वित्त सचिव के निर्देश पर जिलाधिकारी नैनीताल ने अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब की थी।जांच के दौरान एडीएम ने शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाकर उनके बयान दर्ज किए और नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों से भी लंबी पूछताछ की। शिकायतकर्ता अरविंद कुमार ने दो टूक कहा कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है, इसलिए निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, एडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि सभी बिंदुओं पर गहनता से साक्ष्य जुटाए गए हैं और जांच रिपोर्ट शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। इस औचक जांच और अधिकारियों की सक्रियता से नगर पालिका परिसर में दिनभर हड़कंप मचा रहा।

# कथावाचक पर हुए हमले का खुलासा करने की मांग

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र में पूर्व बंगाली कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष व प्रसिद्ध भागवत कथावाचक रामचंद्र राय पर हुए जानलेवा हमले के मामले में दो महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। हमलावरों का सुराग न लगने से स्थानीय जनता और सामाजिक संगठनों में भारी रोष व्याप्त है। रविवार को क्षेत्र के लोगों ने एकत्र होकर



पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की और जल्द से जल्द मामले के खुलासे की मांग उठाई। घटनाक्रम के अनुसार बैकुंठपुर नंबर एक निवासी रामचंद्र राय पर बीते 6 जनवरी 2026 की शाम लगभग 6 बजे उस समय अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया था, जब वह रोज की तरह सड़क किनारे टहल रहे थे। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे और इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचित किया गया था, लेकिन दो महीने से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी न हो पाना पुलिस की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। इस मामले में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने कहा कि शक्तिफार्म जैसे शांत क्षेत्र में एक सम्मानित सामाजिक और धार्मिक व्यक्ति पर सरेराह हमला होना चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों की गिरफ्तारी में हो रही देरी प्रशासन की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया, तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर सड़कों पर उतरने और बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। विरोध प्रदर्शन और मांग करने वालों में पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी विनय विश्वास, सुब्रत विश्वास, सुमिंदर यादव, अमित सरकार और समाजसेवी अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व मातृशक्ति मौजूद रही।

# भूतबंगला में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष के मामले में क्रॉस केस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूतबंगला क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद हुई हिंसक झड़प के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में पहले पक्ष के अजय कोली पुत्र रामचंद्र कोली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च की रात करीब 9:00 बजे जब वह होली चौक से घर जा रहा था, तब नदीम, फरमान, जुबैर, गुलजार, साहिब और मोसिन ने एक राय होकर लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि नदीम ने अजय के सिर पर लोहे की सरिया से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अजय का आरोप है कि हमलावर कह रहे थे कि पार्षद परवेश भाई ने आज इनकी होली खून से रंगने को कहा है। बीच-बचाव करने आए दिनेश, पिंटू, सागर और संजय पर भी हमला किया गया। अजय ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनके घर तक पीछा किया, आतंक फैलाने की नियत से हवा में फायर किए और सांप्रदायिक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष के नदीम पुत्र स्व. सकील ने क्रॉस एफआईआर में आरोप लगाया है कि उसी रात करीब 9:30 बजे उनका भाई मोसिन, जुबैर और मित्र फरमान खाना खाकर घूम रहे थे। जब वे कृष्णा चौक पहुंचे, तो दिनेश, अजय कोली और पिंटू पाल ने उन्हें घेर लिया और चाकुओं से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में मोसिन, जुबैर और फरमान के सिर पर गंभीर चोटें आईं। नदीम का आरोप है कि जब घायल भाई जान बचाकर घर की ओर भागे, तो आरोपियों ने उनके घर पर ईंट-पत्थरों से हमला किया और घर के बाहर फायरिंग भी की। गंभीर हालत को देखते हुए तीनों घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी रेफर किया गया है, जहां उनके सिर पर कई टांके आए हैं और हालत नाजुक बनी हुई है।तहरीरों के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस जांच में जुट गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्यवाही की बात कह रही है।

# स्मैक के साथ एक तस्कर को दबोचा

काशीपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत काशीपुर पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से करीब 10 ग्राम अवैध स्मैक, नशे को तौलने वाला इलेक्ट्रॉनिक तराजू और बिक्री के नगद रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। प्रभारी निरीक्षक



काशीपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम रविवार, 8 मार्च 2026 को क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान डिजाइन सेंटर के पास कविनगर को जाने वाली गली में पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब उसे रोककर तलाशी ली, तो उसके पास से एक पारदर्शी प्लास्टिक की पन्नी में 9.98 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से नशीले पदार्थ को तौलने के काम आने वाला एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक तराजू और 1200 रुपये की नगदी भी मिली। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान फिरोज खां पुत्र सलीम खां (44 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 09, रहमत शाह बाबा की मजार के पास, मोहल्ला अल्ली खां, काशीपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त लंबे समय से क्षेत्र में नशे की पुड़िया बेचने का काम कर रहा था। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर कोतवाली काशीपुर में अभियुक्त के विरुद्ध एफआईआर नंबर 85/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। कार्यवाही को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मेहता, उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह सामंत, हेड कांस्टेबल संजय कुमार और कांस्टेबल अमरदीप सिंह शामिल रहे।

# स्व. गुंबर के निधन के बाद परिवार ने कराया नेत्रदान

गदरपुर। नगर के मुख्य बाजार स्थित प्रसिद्ध प्रतिष्ठान राजू स्वीट्स से जुड़े गदरपुर निवासी अमीर चंद गुंबर के निधन के बाद उनके परिवार ने एक प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए नेत्रदान कराया। स्व. गुंबर की इच्छा तथा राधा स्वामी सत्संग की प्रेरणा से परिवारजनों ने यह पुनीत कार्य करने का संकल्प लिया।स्व. अमीर चंद गुंबर के देहावसान के पश्चात उनके परिवार ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए उनके नेत्र दान करने का निर्णय लिया। इस दौरान भारत विकास परिषद रुद्रपुर तथा सी.ए. गुप्ता आई बैंक की टीम के सहयोग से विधिवत प्रक्रिया पूरी कर नेत्रदान संपन्न कराया गया।परिवार के इस सराहनीय निर्णय से दो कॉर्नियल ब्लाइंड (कॉर्निया से अंधे) व्यक्तियों को नई रोशनी मिल सकेगी और वे फिर से



इस खूबसूरत दुनिया को देख पाएंगे।समाज के कई लोगों ने गुंबर परिवार के इस मानवीय और प्रेरणादायक कदम की सराहना की है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि ऐसे कार्य समाज के लिए मिसाल होते हैं और अन्य लोगों को भी नेत्रदान जैसे महान कार्य के लिए प्रेरित करते हैं।भारत विकास परिषद रुद्रपुर की टीम ने भी गुंबर परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेत्रदान सबसे बड़ा दान माना जाता है, जिससे किसी जरूरतमंद की जिंदगी में रोशनी लाई जा सकती है।स्थानीय लोगों ने स्व. अमीर चंद गुंबर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गुंबर परिवार को इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद दिया और कहा कि उनका यह कदम समाज में सेवा और मानवता का संदेश देने वाला है।

# समाज में महिलाओं की भागीदारी जरूरी: ममता

गदरपुर (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेत्री ममता हलदार ने महिलाओं के सम्मान, अधिकारों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और अद्वितीय क्षमता का परिचय दे रही हैं और राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही हैं। ममता हलदार ने संबोधन में जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को अब किसी भी क्षेत्र में पीछे रहने की आवश्यकता नहीं है। आज शिक्षा, राजनीति, खेल, व्यापार और प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाएं लगातार ऊंचाइयों को छू रही हैं और अपनी विशिष्ट पहचान बना रही हैं। उन्होंने स्पष्ट



किया कि किसी भी समाज के समग्र और संतुलित विकास के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अपरिहार्य है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सदैव जागरूक रहना चाहिए और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए। ममता हलदार के अनुसार जब महिलाएं स्वयं सशक्त होंगी, तभी परिवार, समाज और अंतत: देश मजबूती की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने समाज के हर वर्ग से अपील की कि महिलाओं को समान अवसर और सम्मान प्रदान किया जाए, क्योंकि उन्हें आगे बढ़ाने में परिवार और समाज का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। अंत में उन्होंने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन महिलाओं के कठिन संघर्षों और उनकी शानदार उपलब्धियों को याद करने का अवसर है।

# पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला पर बीच बाजार हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराने से आक्रोशित पति ने अपनी पत्नी पर बीच बाजार जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने महिला को सरेराह गालियां देते हुए धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया और केस वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। प्रियंका पत्नी द्रव पाल, निवासी खजूर वाली गली, ट्रांजिट कैंप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका अपने पति से दहेज की मांग को लेकर एक वर्ष से विवाद चल रहा है। वह वर्तमान में अपने पिता ताराचंद और पुत्र दिव्यांश के साथ किराए के मकान में रह रही है। 29 अक्टूबर 2025 की दोपहर करीब 3:00 बजे, जब वह अपने पुत्र के साथ मछली मार्केट जा रही थी, तभी उसके पति द्रव पाल ने उसे रास्ते में घेर लिया। आरोप है कि पति ने गाली-गलौज करते हुए फंटी और धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी ने प्रियंका से उसके पुत्र को छीनने का भी प्रयास किया।इस हमले में प्रियंका की गर्दन पर धारदार हथियार से चोट आई है और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर अंदरूनी चोटें लगी हैं। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी पति ने उसे धमकी दी कि यदि उसने दहेज का मुकदमा खत्म नहीं किया, तो वह उसे जान से मार देगा। प्रियंका ने अपने और अपने पुत्र की जान-माल का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर परिवार पर जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप के अंतर्गत आजाद नगर क्षेत्र में सोमवार रात दबंगों ने एक घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। हमलावरों ने घर में मौजूद वृद्ध महिला समेत कई लोगों को घायल कर दिया और घर का सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। आजाद नगर वार्ड नंबर 7 निवासी मंटू कश्यप पुत्र वीरेंद्र कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 मार्च 2026 की रात लगभग 9:00 बजे अचानक 9-10 लड़के उनके घर में घुस आए। इन हमलावरों ने परिवार के सभी लोगों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान मंटू कश्यप के सिर पर डंडों से गहरी चोट आई है। बीच-बचाव करने आए पड़ोसी मनीष पर भी हमलावरों ने ब्लेड से वार कर उसे घायल कर दिया। दबंगों ने मंटू की करीब 60 वर्षीय वृद्ध माता को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि इस अफरा-तफरी और मारपीट के दौरान उसकी कमीज की जेब में रखे 43 हजार रुपये भी गिरकर गायब हो गए। हमलावरों ने घर के अंदर रखे घरेलू सामान को भी काफी नुकसान पहुंचाया। मंटू ने कुछ हमलावरों की पहचान प्रेम शंकर, संजू, लाखन, मिंटू और विशाल के रूप में की है, जबकि उनके साथ अन्य अज्ञात व्यक्ति भी शामिल थे। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद भी आरोपी मोहल्ले में घूम रहे हैं और लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार में दहशत का माहौल है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

रूद्रपुर (उद संवादाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के अंतर्गत तीन पानी डाम निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों की काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करने की प्रार्थना की है। तीन पानी डाम निवासी बसंत पुत्र स्वर्गीय चंद्रमणि जोशी ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री पूनम (16 वर्ष) शनिवार, 6 मार्च की सुबह लगभग 10 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। जब वह काफी समय तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी सभी संभावित स्थानों और अपनी रिश्तेदारियों में तलाश की, लेकिन पूनम का कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ट्रांजिट कैंप को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला संज्ञान में ले लिया है। तहरीर पर पुलिस ने किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों और स्थानीय मुखबिरों की मदद से पूनम का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# दस वर्षीय जियान ने रखा जीवन का पहला रोजा

गदरपुर (उद संवाददाता)। पवित्र रमजान माह के दौरान गदरपुर के वार्ड नंबर 11 निवासी दस वर्षीय जियान ने अपना पहला रोजा रखकर परिवार और मोहल्ले में खुशी की लहर पैदा कर दी। मोहम्मद तहसीन के पुत्र जियान ने कम उम्र होने के बावजूद पूरे उत्साह और अटूट श्रद्धा के साथ अपना पहला रोजा मुकम्मल किया। जियान के पिता मोहम्मद तहसीन, जो गदरपुर में मोबाइल की दुकान चलाते हैं, ने बताया कि जियान काफी समय से रमजान के पाक महीने में रोजा रखने को लेकर उत्साहित था और इस साल उसने स्वयं रोजा रखने की इच्छा जताई थी।सुबह सहरी करने के बाद से लेकर शाम को इफ्तार के वक्त तक जियान ने पूरे धैर्य और लगन के साथ रोजे के नियमों का पालन



किया। जियान के बड़े भाई मोहम्मद नदीम ने बताया कि जियान बचपन से ही धार्मिक गतिविधियों में काफी रुचि रखता है और उसका पहला रोजा पूरे परिवार के लिए बेहद गर्व और खुशी का पल है। दिनभर जियान के चेहरे पर रोजे को लेकर एक विशेष उत्साह बना रहा और शाम को इफ्तार के समय परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठकर उसका हौसला बढ़ाया।जियान की इस धार्मिक निष्ठा को देख परिवार के साथ-साथ आसपास के लोगों ने भी उसे पहले रोजे की मुबारकबाद दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की दुआएं कीं। रमजान के इस मुकद्दस महीने में नन्हे जियान द्वारा कठिन नियमों का पालन कर रोजा पूरा करना उसके परिवार के लिए एक यादगार और सुखद अनुभव बन गया है।

# परिजनों पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविन्द्र नगर निवासी शिवपद शाहा पुत्र स्व. सीनाथ शाह ने मुख्यमंत्री को प्रेषित एक शिकायती पत्र में अपने परिजनों पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। शिवपद का आरोप है कि उसकी पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्रवधू पिछले कई वर्षों से उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। उसे उसके ही घर से बेदखल करने का षड़यंत्र रच रहे हैं। इस सन्दर्भ में उसने न्यायालय में वाद दायर किया था। जिस पर न्यायालय ने पुत्र व पुत्रवधू को मकान खाली करने के निर्देश दिये थे। जिसका पालन नही किया गया। जिसके बाद जबरन दबाव बनाकर राजीनामा पर उसके हस्ताक्षर करवा लिए। शिवपद का कहना है कि वह परिजनों के उत्पीड़न से परेशान हो गया है। उक्त लोग कोई भी षडयंत्र रचकर अप्रिय घटना को अंजाम देकर उसके भवन पर कब्जा कर सकते हैं।

## पेज एक का शेष...

**मातृशक्ति का संघर्ष ...**का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम महिला नेतृत्व वाले विकासश के मंत्र पर आगे बढ़ रहे हैं। हमने राज्य की महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की है, ताकि हमारी बेटियां आत्मनिर्भर बन सकें। इसके साथ ही लखपति दीदी योजना के माध्यम से हम 5 लाख बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री अंत्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना हो या महिला स्वयं सहायता समूहों को दी जाने वाली सहायता, हमारा हर कदम मातृशक्ति के सम्मान को समर्पित है।ष मुख्यमंत्री ने यूसीसी का उल्लेख करते हुए कहा हमने देवभूमि में समान नागरिक संहिता लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह कानून विशेष रूप से हमारी माताओं और बहनों को सुरक्षा, समानता और सम्मान दिलाने के लिए है। इससे कुरीतियों का अंत होगा और महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार मजबूती से प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ महिलाओं को आश्वासन देते हुए कहा आज यहाँ उपस्थित हमारी वरिष्ठ मातृशक्ति का सम्मान करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आपकी आँखों की चमक और आपके हाथ का आशीर्वाद ही हमें ऊर्जा देता है। हम ऐसी नीतियां बना रहे हैं जिससे बुढ़ापे में हमारी माताओं को स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए किसी पर निर्भर न रहना पड़े। आप सुरक्षित हैं, तो यह देवभूमि सुरक्षित है। संबोधन के पश्चात मुख्यमंत्री ने कई वरिष्ठ महिलाओं का आशीर्वाद लिया और उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार का महिला दिवस हमारी उन वरिष्ठ महिलाओं को समर्पित है जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम से परिवारों को सींचा है। उन्होंने कहा कि अक्सर विकास की चर्चाओं में बुजुर्ग महिलाएं छूट जाती हैं, लेकिन सरकार अब उनके लिए एक ठोस योजना लाने जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं की जरूरतों का सर्वे कराया जा रहा है, ताकि उन्हें स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक सहायता का सीधा लाभ मिल सके। रेखा आर्या ने कहा कि घर की दहलीज से शुरू होने वाला सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण है। इस अवसर पर विभाग के उच्चाधिकारी, विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**सामूहिक विवाह सारोह ...**वैवाहिक जीवन का आर्शीवाद दिया उनमें स्वामी शिवानन्द जी महाराज, श्री नारायण चैतन्य जी महाराज, श्री सोमानन्द जी महाराज, महंत अशोक नाथ जी, सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ, मेयर विकास शर्मा, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल आदि शामिल थे। वैवाहिक समारोह में भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। विवाह रस्म पूरी होने के बाद सायंकाल विदाई के समय सभी वर वधूओं को आयोजकों द्वारा जन सहयोग से प्राप्त अनेकों उपहार भी भेंट किए गए। संस्था के सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ ने बताया कि लघु उद्योग व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे जोड़ों का विवाह कराया जाता है जिनके परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। सामूहिक विवाह में कई संस्थाओ ने अपना सहयोग दिया। जिनमें श्री खाटू धाम सेवा समिति ट्रांजिट कैंप, श्री बालाजी मंडल सेवा समिति, सुंदरकांड महिला मंडल आवास विकास, गायत्री परिवार, अग्रवाल महासभा, जिंदगी जिंदाबाद टीम, गायत्री परिवार, योगी सेना आदि शामिल है। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, विकास बंसल, जागृति ट्रस्ट के अमित राठौर, सुरेंद्र गुप्ता, गौरव दीक्षित, पूरन पाण्डे, अशोक कुमार, कमलदीप सोनकर, विकास आर्य, राज कोली, रागिनी, ममता त्रिपाठी, शिवकुमार शिबू, सनी पासवान, राजीव कुमार ने भी अपना सहयोग दिया। वहीं वधूओं का आकर्षक श्रृंगार करने में आशा ब्यूटी पार्लर की आशा व उनकी टीम में शामिल शीतल, सुमन, अन्नू, मोनिका व नेहा ने सहयोग प्रदान किया। व्यवस्था प्रमुख श्री चुघ, अध्यक्ष संजीव गुप्ता एवं सभी आयोजकों ने वर वधू के परिजनों को बधाई देते हुए इस सामूहिक विवाह में पहुंचने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। **इन जोड़ों का ..** का नीरज से, शिवान शर्मा का नीलम से, नन्दकिशोर का शोभा से, रामसिंह का निक्की से, उमेश बाबू का गुड्डी से व सचिन कुमार का रोली से शुभ विवाह सम्पन्न हुआ।

**बेकाबू जीप ने ...**नजर आ रही है लेकिन उस पर नंबर प्लेट नहीं लगी होने के कारण पहचान में मुश्किल आ रही है। कोतवाली प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि जस्सोवाला से जमनीपुर और बरोटीवाला तक जाने वाले रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आसपास के थानों को भी अलर्ट कर दिया गया है। हालांकि पुलिस के अनुसार पीड़ित पक्ष ने फिलहाल कोई औपचारिक शिकायत देने से इनकार किया है। इस हृदयविदारक घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। अपनी मासूम बेटी को लहूलुहान देख पिता रफाकत मौके पर ही बेहोश हो गए। रमजान के इस पाक महीने में जहाँ पूरा परिवार ईद के इंतजार और इबादत की खुशियों में डूबा था वहीं इस हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया है। ग्राम प्रधान आजम और अन्य प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन से रात के समय वाहनों की चेकिंग बढ़ाने और फरार चालक के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की है।

**विधानसभा का बजट...**पुलिस महानिदेशक ने पुलिस बल को कर्तव्य पालन के दौरान अपना व्यवहार संयमित, मर्यादित और संवेदनशील रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी धैर्य के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति या संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को सूचित करें। बजट सत्र के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किए गए हैं ताकि आम जनता को असुविधा न हो। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता से स्पष्ट है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इस महत्वपूर्ण आयोजन को सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**जानलेवा हमले के ...**अभियोग पंजीकृत किया था। हालांकि यह मामला रम्पुरा चौकी क्षेत्र का था, लेकिन निष्पक्ष जांच के उद्देश्य से इसकी विवेचना बगवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मोहन चंद्र जोशी को सौंपी गई थी। विवेचनाधिकारी मोहन चंद्र जोशी ने घटनास्थल का मुआयना करने और साक्ष्यों के संकलन के बाद आरोपी डॉ. सचिन मंडल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश करने की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना के समय डॉ. मंडल के साथ मौजूद अन्य आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

**झपटमारों का आतंक...** फुटेज के माध्यम से मामले की सत्यता की जांच कर रही है, जिसके बाद ही वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इधर, हाईवे पर बढ़ती लूटपाट की घटनाओं से स्थानीय निवासियों में गहरा रोष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से हाईवे पर गश्त बढ़ाने और इन घटनाओं का जल्द खुलासा कर दोषियों को सलाखों के पीछे भेजने की मांग की है।

# होटल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के अंतर्गत आवास विकास स्थित एक होटल के बाहर से अज्ञात चोर ने एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर वाहन की बरामदगी और चोर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त विवरण के अनुसार फुलसुंगी निवासी करन कुमार पुत्र शंकर साहनी ने पुलिस को बताया कि वह बीते 5 मार्च 2026 की सुबह लगभग 11:30 बजे अपने मित्र अजय सिंह की काले रंग की स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूके 06बीसी 9807 लेकर किसी कार्य से होटल क्राउन टावर के पास गया था। करन ने मोटरसाइकिल को होटल के बाहर लॉक लगाकर खड़ा किया था लेकिन जब वह करीब एक घंटे बाद अपना काम निपटा कर वापस लौटा तो वहां से वाहन गायब मिला। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पता चला कि दोपहर लगभग 12:01 बजे एक अज्ञात युवक ने बड़ी चालाकी से मोटर साइकिल का लॉक तोड़ा और उसे दक्षिण दिशा की ओर लेकर फरार हो


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम TABASSUM JAHAN से बदलकर TABASSUM रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए ।

तबस्सुम पत्नि अतीक अहमद
सिरौलीकलां किच्छा उधमसिंहनगर



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।



E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अमित शाह ने दिया बूथ जीता-चुनाव जीता का फार्मूला

## भाजपा की प्रातीय टोली की बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों और एसआईआर पर हुई चर्चा

देहरादून। उत्तराखंड में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत की हैट-ट्रिक लगाने के उद्देश्य से मैदान में डट चुकी भाजपा को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बूथ जीता-चुनाव जीता का मूलमंत्र दिया। पार्टी की प्रांतीय टोली की बैठक में उन्होंने बूथ केंद्रित कार्यक्रमों की श्रृंखला बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सांसदों, विधायकों को बूथ स्तर पर जनसमस्याएं सुनने के दृष्टिगत निरंतर संवाद करने को भी कहा। उत्तराखंड के दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने शनिवार को हरिद्वार के होटल गाडविन में हुई भाजपा की प्रातीय टोली की बैठक में राज्य के राजनीतिक परिदृश्य और आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत पार्टी की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बैठक में मुख्य रूप से कार्यकर्ताओं की संतुष्टि और संगठन के विस्तार पर जोर दिया। ताकि, कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनसमस्याओं का निवारण कराया जा सके। इसी तरह संगठन विस्तार के क्रम में बूथ एवं मंडल स्तर पर प्रकोष्ठों एवं



विभागों की इकाइयों का शीघ्र गठन करने को कहा, जिससे पार्टी की सक्रियता को पहले से अधिक प्रभावी बनाया जा सके। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बूथ इकाइयों की मजबूती पर विशेष जोर दिया। साथ ही कहा कि प्रत्येक बूथ के मतदाताओं से निरंतर संवाद हो और उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों और ऐतिहासिक निर्णयों से अवगत कराया जाए, इसके लिए कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला तैयार की जानी चाहिए। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि सभी सांसद और विधायक बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं व जनता के बीच जाएं। जनसामान्य के मुद्दों और व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर इनके निवारण का प्रयास करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार बैठक में राज्य में जल्द प्रारंभ होने वाली एसआइआर की प्रक्रिया को लेकर भी चर्चा हुई। तय किया गया कि मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण की इस प्रकिया में भाजपा पूरा सहयोग देगी। एसआइआर के दृष्टिगत बीएलए-दो बनाने के काम को शत प्रतिशत पूरा कर वोट संरचना के अनुसार चुनावी दृष्टि से पार्टी अपनी गतिविधियों को आगे बढ़ाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और उनकी कैबिनेट के सहयोगी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत व विजय बहुगुणा, हरिद्वार सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी, राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल, सांसद अजय भट्ट व माला राज्यलक्ष्मी, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत व तरुण बंसल के साथ ही भाजपा के सभी सात मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे।

## कांग्रेस पर बरसे शाह: भाजपा पर नौ साल में नहीं लगे भ्रष्टाचार के आरोप

हरिद्वार। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज जहां हरिद्वार में आयोजित जनसभा में प्रदेश की धामी सरकार की तारीफ की वहीं पिछले नौ वर्षों में भाजपा की डबल इंजन सरकार में हुए विकास कार्यों का बखान भी किया। इस दौरान अमित शाह ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल पर कड़ी टिप्पणी कर जनता से हिसाब मांगने की अपील की। शाह ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत पर भी जमकर सियासी प्रहार किये। उन्होंने कहा कि घुसपैठ को भारत से बाहर निकालेंगे। केदारनाथ से कन्या कुमारी तक, राहुल बाबा को जितना विरोध करना है करें। उन्हें हर चीज में नकारात्मक दिखती है। नौ साल में भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। हरीश रावत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। देश से तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त किया। शाह ने कहा कि कांग्रेस से हिसाब मांगना चाहिए। 2014 से 2016 पूंजी निवेश का एक लाख 87 हजार करोड़ मोदी सरकार ने दिए। 12 हजार करोड़ केदारनाथ बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री, दिल्ली-देहरादून, 30 राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया। 2009 से 2014 तक राज्य का औसत बजट 187 करोड़ था, नौ साल में भाजपा सरकार ने चार हजार 770 करोड़ का बजट पहुंचा। प्रतिव्यक्ति 2014 एक लाख 25हजार रुपये से बढ़ा कर 2.73 लाख किया। जीएसडीपी 3.50 लाख करोड़ किया। भ्रष्टाचार व उत्तराखंड का निर्माण का विरोध करने वाली कांग्रेस है। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई। कांग्रेस राहुल के नेतृत्व में बिखर चुकी है। संसद में हो हल्ला करती है। संसद न चलाने की नीति बनाई है। 2027 में त्रिवेंद्र सिंह व धामी सरकार ने उत्तराखंड की सेवा की है। तीसरी मौका दें। देवभूमि को एक नंबर पर ले जाएंगे।

# भाजपा सरकारों में हुई घोटालों की बरसात : हरीश रावत

## भ्रष्टाचार पर अमित शाह के भाषण में किए दावे पर किया पलटवार

देहरादून/हरिद्वार। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने हरिद्वार में आयोजित भाजपा की



जनसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कांग्रेस सरकार पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर कड़ा पलटवार किया है। पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि "भ्रष्टाचार के खिलाफ बात, और पीछे घोटालों की बरसात" भाजपा की राजनीति की सच्चाई है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध बात करते रहो और पीछे भ्रष्टाचार करते रहो। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई इनके दिखाने के दाँत हैं और भ्रष्टाचार करना इनके खाने के दाँत हैं। उन्होंने लिखा कि हरिद्वार से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी शंखनाद किया और अपने भाषण में यह दावा किया कि नौ वर्षों में उनकी सरकारों पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा। रावत ने इस दावे को झूठ करार देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के दो मामलों में हाईकोर्ट सीबीआई जांच के आदेश दे चुका है, ऐसे में इस प्रकार के दावों को जनता आसानी से स्वीकार नहीं करेगी। हरीश रावत ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा दूसरों की कमीज पर दाग दिखाने की कोशिश कर रही है, जबकि अपनी सरकार के दाग छिपाना उनके लिए मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में जमीन से लेकर बजरी तक कई घोटाले सामने आए हैं और सत्ता से जुड़े लोग इन मामलों में कहीं न कहीं शामिल रहे हैं। रावत ने यह भी कहा कि यदि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए घोटालों की सूची बनाई जाए और पूर्व मुख्यमंत्री निशंक के कार्यकाल से गिनती शुरू की जाए, तो अब तक 200 से अधिक चर्चित घोटाले सामने आ चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा को जनकल्याण के कार्यों के बजाय पैसे और ताकत के दम पर चुनाव जीतने का भरोसा है, क्योंकि विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में बताने के लिए उनके पास कोई ठोस उपलब्धि नहीं है। उन्हें केवल अपनी पाशविक शक्ति और धर्म शक्ति पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी।

# कांग्रेस नेता 10 मार्च को करेंगे भराड़ीसैंण विधानसभा का घेराव

देहरादून। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने विधानसभा सत्र के बीच आगामी 10 मार्च को गैरसैण कूच करने का ऐलान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों, शोषण के खिलाफ बेरोजगार युवाओं के अधिकारों पर डाका डालने, भर्ती घोटालों और बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ गैरसैंण विधानसभा कूच किया जायेगा। गणेश गोदियाल ने कहा कि विधानसभा सत्र में विपक्ष जनमुद्दों के सवालों का उठायेंगे और सरकार की जवाबदेही तय की जायेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बताया कि जन मुद्दों को लेकर कांग्रेस 10 मार्च को भराड़ीसैंण विधानसभा का घेराव करेगी। इसके लिए प्रदेश भर से पार्टी कार्यकर्ता गैरसैंण पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह निर्णय बहुत उत्साहजनक है। मेरे लिए ही नहीं, उन सभी लोगों के लिए भी जो उत्तराखंड में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं। 10 मार्च को भराड़ीसैंण के प्रत्येक धार में कांग्रेस का झंडा होगा और हर धार से लोग इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। यह प्रदर्शन परिवर्तन की दिशा तय करने का काम करेगा। हरीश रावत ने कहा कि मैं भी इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए भराड़ीसैंण जाऊंगा।

# तनुज बिष्ट सीडीएस परीक्षा पास कर बने लेफ्टिनेंट

रुद्रपुर। जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट तहसील अंतर्गत ग्राम तल्ली बिहोली निवासी तनुज बिष्ट ने सीडीएस परीक्षा के माध्यम से भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। तनुज ने 7 मार्च 2026 को चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड के बाद सेना में कमीशन प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव और वर्तमान निवास स्थान पर खुशी का माहौल है।तनुज बिष्ट की प्रारंभिक शिक्षा रुद्रपुर के जेपीएस स्कूल से हुई, जहाँ उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की। इसके पश्चात उन्होंने नैनीताल से अपना ग्रेजुएशन पूर्ण किया। तनुज एक



सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग की 41वीं वाहिनी पीएसी में कार्यरत हैं। उनकी माता श्रीमती शोभा बिष्ट एक कुशल गृहिणी हैं।तनुज की इस सफलता में उनके दादाजी स्वर्गीय कवींद्र सिंह और दादी जशोदा देवी के आशीर्वाद तथा माता-पिता के मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा है। मूल रूप से कृषक परिवार से जुड़े तनुज ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर सेना में अधिकारी बनने का सपना साकार किया है। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिले के गणमान्य व्यक्तियों और शिक्षाविदों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# किच्छा में भटके बच्चे को पुलिस ने मां से मिलाया

किच्छा। रविवार को किच्छा बाजार में एक तीन से चार साल का छोटा बच्चा भटकता हुआ मिला, जो अपना नाम, पता या अपने माता-पिता के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहा था। बच्चे को अकेले घूमता देख स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का निर्णय लिया। इसी दौरान व्यापार मंडल किच्छा के श्री नितिन फुटेला बच्चे को अपने साथ लेकर कोतवाली किच्छा पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी।पुलिस ने बच्चे की पहचान कराने के लिए तुरंत प्रयास शुरू किए। किच्छा पुलिस द्वारा बच्चे की फोटो विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुपों में प्रसारित की गई और लोगों से बच्चे के परिजनों के बारे में जानकारी देने की अपील की गई। पुलिस के इस प्रयास का



सकारात्मक परिणाम जल्द ही सामने आ गया।कुछ ही समय बाद बच्चे की पहचान उसकी माता पूजा पत्नी प्रेमदीप निवासी पुरानी गल्लामंडी, किच्छा के रूप में हुई। पूजा स्वयं कोतवाली पहुंची और बच्चे को अपना तीन वर्षीय बेटा यश बताया। पूजा ने पुलिस को बताया कि वह आवास विकास क्षेत्र में घरों में काम करती है। उस समय बच्चा घर पर अपनी दादी के साथ था, लेकिन किसी तरह बिना बताए घर से बाहर निकल गया और भटकते हुए बाजार तक पहुंच गया। जब उसे बच्चे के थाने में होने की जानकारी मिली तो वह तुरंत कोतवाली पहुंच गई।पुलिस द्वारा बच्चे को सुरक्षित उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे को सकुशल पाकर मां ने किच्छा पुलिस और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# शराब माफियाओं पर सर्जिकल स्ट्राइक, एक सप्ताह में 127 गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधमसिंह नगर जनपद में अवैध कच्ची शराब के काले कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने अब तक का सबसे बड़ा प्रहार किया है। एसएसपी के निर्देश पर पूरे जिले में चलाए गए एक सप्ताह के विशेष अभियान (28 फरवरी से 6 मार्च) के दौरान पुलिस ने शराब माफियाओं की कमर तोड़ते हुए 133 अभियोग पंजीकृत कर 127 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस दौरान पुलिस की संयुक्त टीमों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर 3156 लीटर कच्ची शराब बरामद की और परिवहन में प्रयुक्त 10 वाहनों को भी जब्त किया।पुलिस की इस व्यापक कार्यवाही में जिले भर में संचालित हो रही 63 अवैध भट्टियों को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया गया। माफियाओं को आर्थिक चोट पहुँचाते हुए पुलिस ने कच्ची शराब बनाने के लिए तैयार किया गया लगभग 1,52,100 लीटर लहन भी नष्ट कर दिया। एसएसपी अजय गणपति ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जिसके बाद पूरे जिले में पुलिस बल ने जंगलों और संदिग्ध ठिकानों पर सघन छापेमारी की।अभियान के अंतर्गत जसपुर, कुंडा, काशीपुर, आईटीआई और बाजपुर क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बरामदगी हुई। अकेले बाजपुर की बन्नाखेड़ा और बरहैनी चौकियों के अंतर्गत पुलिस ने हजारों लीटर लहन और कई भट्टियां नष्ट कीं। वहीं, गदरपुर और दिनेशपुर क्षेत्र में भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कई अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। रूद्रपुर, ट्रांजिट कैंप और पंतनगर में भी अभियान का व्यापक असर देखने को मिला, जहाँ रिहायशी इलाकों के समीप चल रहे अवैध अड्डों को पुलिस ने पूरी तरह साफ कर दिया।जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों जैसे किच्छा, पुलभट्टा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा में भी पुलिस ने विशेष सतर्कता बरतते हुए दर्जनों शराब तस्करों को दबोचा। सितारगंज की सरकड़ा चौकी और नानकमत्ता क्षेत्र में पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और लहन बरामद करने के साथ ही कई वाहन सीज किए। एसएसपी अजय गणपति ने इस सफल अभियान के बाद चेतावनी दी है कि अवैध शराब के खिलाफ यह जंग आगे भी जारी रहेगी और इस धंधे में संलिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस बड़ी कार्यवाही से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

